मेरा श्याम खाटू वाला सबको गले लगाए भजन लिरिक्स

मेरा श्याम खाटू वाला,
सबको गले लगाए,
जो भी जहाँ से हारा,
उसके बने सहारे,
मेरा श्याम खाटु वाला
सबको गले लगाए।bd।

तर्ज – तुझे भूलना तो चाहा।

तेरी दया दयालु,
कैसे बयां करूँ बता,
उपकार तेरा सांवरे,
कैसे उतारूंगा बता,
जितनी बयां करूँ मैं,
उतनी ही बढ़ती जाए,
मेरा श्याम खाटु वाला
सबको गले लगाए।bd।

तेरी दया से सांवरे,
परिवार पल रहा मेरा,
बोले बिना ही भर दिया,
दामन जो खाली था मेरा,
इतना दिया दयालु,
झोली में ना समाये,
मेरा श्याम खाटु वाला
सबको गले लगाए।bd।

'योगेंद्र कमल' की आरज़ू,
करले कबूल सांवरे,
निकले अगर जो दम मेरा,
तुम हो हमारे सामने,
अगला जनम मिले तो,
सेवा में इसे बिताएं,
मेरा श्याम खाटु वाला
सबको गले लगाए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरा श्याम खाटू वाला,
सबको गले लगाए,
जो भी जहाँ से हारा,
उसके बने सहारे,
मेरा श्याम खाटु वाला
सबको गले लगाए।bd।

Singer & Writer – Yogender Kamal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com